अत्यन्त महत्वपूर्ण
संख्या-27/2018/1355/60-3-2018-71 (सा0)/18टीसी

प्रेषक,

अजय कुमार सिंह,
संयुक्त सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
महिला कल्याण,
उ0प्र0, लखनऊ।

महिला एवं बाल विकास अनुभाग-3 दिनांक : लखनऊ : 13 अगस्त, 2018

विषयः-प्रदेश के 26 जनपदों में आशा ज्योति केन्द्रों के भवन निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदया,

उपर्युक्त विषय पर अवगत हैं कि प्रदेश के सम्प्रति 26 जनपदों (कासगंज, कौशाम्बी, इटावा, फर्रूखाबाद, देवरिया, महराजगंज, बलरामपुर, सुल्तानपुर, सिद्धार्थनगर, संतकबीरनगर, रायबरेली, सीतापुर, उन्नाव, फैजाबाद, मथुरा, गोण्डा, श्रावस्ती, आजमगढ़, मऊ, बलिया, बिजनौर, सम्भल, ललितपुर, मैनपुरी, महोबा एवं फिरोजाबाद)-जहॉ इन केन्द्रों के निर्माण के लिये भूमि उपलब्ध है-में केन्द्रों का निर्माण कराया जाना है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह अवगत कराने का निदेश हुआ है कि जनपद-कासगंज, कौशाम्बी, इटावा, फर्रूखाबाद, देवरिया, महराजगंज, बलरामपुर, सुल्तानपुर, सिद्धार्थनगर, संतकबीरनगर, रायबरेली, सीतापुर, उन्नाव, फैजाबाद एवं मथुरा में केन्द्र निर्माण हेतु **कन्स्ट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज (उ0प्र0 जल निगम)** को कार्यदायी संस्था एवं जनपद-गोण्डा, श्रावस्ती, आजमगढ़, मऊ, बलिया, बिजनौर, सम्भल एवं ललितपुर में केन्द्र निर्माण हेतु **उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम** को कार्यदायी संस्था तथा जनपद-मैनपुरी, महोबा एवं फिरोजाबाद में केन्द्र निर्माण हेतु **UPRNSS (उ0प्र0 राज्य निर्माण सहकारी संघ लि0)** को कार्यदायी संस्था नामित करने का निर्णय लिया गया है। तद्नुसार यथावश्यक अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(अजय कुमार सिंह)
संयुक्त सचिव।

संख्या-1355 (1)/60-3-2018 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0, लखनऊ।
2- महाप्रबन्धक, कन्स्ट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज (उ0प्र0 जल निगम), लखनऊ।
3- प्रबन्ध निदेशक, UPRNSS (उ0प्र0 राज्य निर्माण सहकारी संघ लि0), लखनऊ।
4- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(अजय कुमार सिंह)
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in